futuretopper.in

Series : JBB/2

SET – 1

कोड नं. 4/2/1

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

नोट

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

हिन्दी (ब)

HINDI (B)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

(i) *प्रश्न-पत्र* ***चार*** *खंडों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग एवं घ । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) ***खंड–क*** *में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं ।*

(iii) ***खंड–ख*** *में प्रश्न संख्या* ***2*** *से* ***6*** *तक प्रश्न हैं ।*

(iv) ***खंड–ग*** *में प्रश्न संख्या* ***7*** *से* ***11*** *तक प्रश्न हैं ।*

(v) ***खंड–घ*** *में प्रश्न संख्या* ***12*** *से* ***16*** *तक प्रश्न हैं ।*

(vi) *यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

(vii) *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होना चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

(viii) *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि* ***दो–दो*** *अंकों वाले* ***2*** *प्रश्नों में,* ***तीन*** *अंक वाले* ***1*** *प्रश्न में और* ***पाँच–पाँच*** *अंकों वाले* ***6*** *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । पूछे गए प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए सही विकल्प का ध्यान रखिए ।*

(ix) *इनके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **10**

अपनी सभ्यता का जब मैं अवलोकन करता हूँ, तब लोगों को काम के संबंध की उनकी विचारधारा के अनुसार उन्हें विभाजित करने लगता हूँ । एक वर्ग में वे लोग आते हैं, जो काम को उस घृणित आवश्यकता के रूप में देखते हैं, जिसकी उनके लिए उपयोगिता केवल धन अर्जित करना है । वे अनुभव करते हैं कि जब दिनभर का श्रम समाप्त हो जाता है, तब वे जीना सचमुच शुरू करते हैं और अपने आप में होते हैं । जब वे काम में लगे होते हैं, तब उनका मन भटकता रहता है । काम को वे उतना महत्त्व देने का कभी विचार नहीं करते, क्योंकि केवल आमदनी के लिए ही उन्हें काम की आवश्यकता है । दूसरे वर्ग के लोग अपने काम को आनंद और आत्मपरितोष पाने के एक सुयोग के रूप में देखते हैं । वे धन इसलिए कमाना चाहते हैं ताकि अपने काम में अधिक एकनिष्ठता के साथ समर्पित हो सकें । जिस काम में वे संलग्न होते हैं, उसकी पूजा करते हैं ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

पहले वर्ग में केवल वे लोग ही नहीं आते हैं, जो बहुत कठिन और अरुचिकर काम करते हैं । उसमें बहुत-से संपन्न लोग भी सम्मिलित हैं, जो वास्तव में कोई काम नहीं करते हैं । ये सभी धन को ऐसा कुछ समझते हैं, जो उन्हें काम करने के अभिशाप से बचाता है । इसके सिवाय कि उनका भाग्य अच्छा रहा है, वे अन्यथा उन कारखानों के मज़दूरों की तरह ही हैं, जो अपने दैनिक काम को जीवन का सबसे बड़ा अभिशाप समझते हैं । उनके लिए काम कोई घृणित वस्तु है और धन वांछनीय, क्योंकि काम से छुटकारा पाने के साधन का प्रतिनिधित्व यही धन करता है । यदि काम को वे टाल सकें और फिर भी धन प्राप्त हो जाए, तो खुशी से यही करेंगे ।

जो लोग काम में अनुरक्त हैं तथा उसके प्रति समर्पित हैं, ऐसे कलाकार, विद्वान और वैज्ञानिक दूसरे वर्ग में सम्मिलित हैं । वस्तुओं को बनाने और खोजने में वे हमेशा दिलचस्पी रखते हैं । इसके अंतर्गत परंपरागत कारीगर भी आते हैं, जो किसी वस्तु को रूप देने में गर्व और आनंद का वास्तविक अनुभव करते हैं । अपनी मशीनों को ममत्वभरी सावधानी से चलाने और उनका रख-रखाव करने वाले कुशल मिस्त्री और इंजीनियर इसी वर्ग से संबंधित हैं ।

(क) कितने प्रकार के काम करने वाले लेखक को दिखाई देते हैं ? इस विभाजन का आधार क्या है ? **2**

(ख) जिन लोगों के लिए काम की उपयोगिता धन प्राप्त करना है, वे क्या अनुभव करते हैं ? **2**

(ग) दैनिक काम को जीवन का सबसे बड़ा अभिशाप समझने के दृष्टिकोण को कैसे बदला जा सकता है ? **2**

(घ) काम के प्रति समर्पित लोगों के वर्ग में कौन-कौन लोग आते हैं ? **2**

(ङ) काम करना किनके लिए घृणित है ? **1**

(च) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए । **1**

खंड 'ख'

2. शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । **1**

3. नीचे लिखे वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए : **1 × 3 = 3**

(क) मोनुमैंट के नीचे झंडा फहराने के बाद स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ी जाएगी । (संयुक्त वाक्य में)

(ख) मैं इतना थक गया था कि चल भी नहीं पा रहा था । (सरल वाक्य में)

(ग) अविनाश के झंडा फहराते समय उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया । (मिश्र वाक्य में)

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

4. (क) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : **1 × 2 = 2**

(i) कुलश्रेष्ठ, (ii) अष्टसिद्धि

(ख) निम्नलिखित को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम भी लिखिए : **1 × 2 = 2**

(i) तीन हैं लोचन जिसके अर्थात् शिव

(ii) दान के लिए पात्र

5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : **1 × 4 = 4**

(क) उसका भाई अध्यापक लगा हुआ है ।

(ख) मुझे एक उपन्यास की पुस्तक चाहिए ।

(ग) दुष्टों के भय से डरो मत ।

(घ) कृपया आप मेरे घर आने की कृपा करें ।

6. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : **1 × 4 = 4**

(क) बाएँ हाथ का खेल

(ख) आड़े हाथों लेना

(ग) दाँतों पसीना आना

(घ) आकाश पाताल एक करना

खंड 'ग'

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) लेखक ने ग्वालियर से मुंबई तक प्रकृति और मनुष्य के संबंधों में किन बदलावों को महसूस किया ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) तताँरा–वामीरो के त्याग के बाद उनके समाज में क्या सुखद परिवर्तन आया ?

(ग) 'एक संगठित समाज कृतसंकल्प हो तो ऐसा कुछ भी नहीं जो वह न कर सके ।' 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के संबंध में कहे गए उक्त कथन की उदाहरण सहित पुष्टि कीजिए ।

(घ) कर्नल को वज़ीर अली के अफ़साने सुनकर रॉबिन हुड के कारनामे क्यों याद आ गए ?

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

8. लगभग **80-100** शब्दों में उत्तर लिखिए :

शाश्वत मूल्य से आप क्या समझते हैं ? 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर बताइए कि वर्तमान समय में इन मूल्यों की क्या प्रासंगिकता है ? **5**

अथवा

'बड़े भाई साहब' पाठ में लेखक ने समूची शिक्षा के किन तौर-तरीकों पर व्यंग्य किया गया है ? क्या आप उनके विचारों से सहमत हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **5**

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'तोप' कविता के आलोक में विरासत में मिली चीज़ों के महत्त्व पर अपना दृष्टिकोण लिखिए।

(ख) 'आत्मत्राण' कविता में किसी सहायक पर निर्भर न रहने की बात कवि क्यों कहता है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) श्रीकृष्ण के पीले वस्त्र पर बिहारी ने क्या कल्पना की है ? इस कल्पना का सौंदर्य समझाइए।

(घ) 'कर चले हम फ़िदा' गीत में सैनिकों की देशवासियों से क्या अपेक्षाएँ हैं ?

10. लगभग **80-100** शब्दों में उत्तर लिखिए :

'मनुष्यता' कविता के द्वारा कवि ने क्या प्रतिपादित करना चाहा है ? विस्तार से स्पष्ट कीजिए। **5**

अथवा

कबीर के दोहे के आधार पर कस्तूरी की उपमा को स्पष्ट कीजिए। मनुष्य को ईश्वर प्राप्ति के लिए क्या करना चाहिए ? स्पष्ट कीजिए। **5**

11. लगभग **60-70** शब्दों में उत्तर लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) घर वालों के मना करने पर भी टोपी का लगाव इफ़्फ़न के घर और उसकी दादी से क्यों था ? दोनों के अनजान, अटूट रिश्ते के बारे में मानवीय मूल्यों की दृष्टि से अपने विचार लिखिए।

(ख) महंत द्वारा हरिहर काका का अपहरण महंत के चरित्र की किस सचाई को सामने लाता है ? ठाकुरबाड़ी जैसी संस्थाओं से कैसे बचा जा सकता है ?

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खंड – 'घ'

12. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **80-100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **6**

(क) सत्यमेव जयते

- भाव
- झूठ के पाँव नहीं होते
- सत्य ही परम धर्म

(ख) लड़का–लड़की एकसमान

- ईश्वर की देन
- भेदभाव के कारण
- दृष्टिकोण कैसे बदलें

(ग) शिक्षक – शिक्षार्थी संबंध

- संबंधों की परंपरा
- वर्तमान समय में आया अंतर
- हमारा कर्तव्य

13. आपकी बस्ती के पार्क में कई अनधिकृत खोमचे वालों ने डेरा डाल दिया है, उन्हें हटाने के लिए नगर–निगम अधिकारी को लगभग **80-100** शब्दों में पत्र लिखिए। **5**

अथवा

दूरदर्शन निदेशालय को लगभग **80-100** शब्दों में पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए कि किशोरों के लिए देशभक्ति की प्रेरणा देने वाले अधिकाधिक कार्यक्रमों को प्रसारित करने की ओर ध्यान दिया जाए। **5**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

14. अपनी बस्ती को स्वच्छ रखने हेतु कल्याण समिति के सचिव होने के नाते इससे संबंधित सूचना **40-50** शब्दों में लिखिए । **5**

अथवा

आप अपने विद्यालय की छात्र संस्था के सचिव हैं तथा विद्यालय में 'चित्रकला प्रतियोगिता' आयोजित करवाना चाहते हैं । इससे संबंधित सूचना **40-50** शब्दों में लिखिए । **5**

15. चोरी की घटना के बाद पूछताछ के लिए नियुक्त पुलिस इंस्पेक्टर और पीड़ित महिला के बीच संवाद को लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए । **5**

अथवा

आपके शहर में लाउडस्पीकर के बढ़ते शोर पर दो पड़ोसियों की बातचीत संवाद के रूप में लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए । **5**

16. अपने विद्यालय में होने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से संबंधित विज्ञापन लगभग **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए । **5**

अथवा

आप अपना कंप्यूटर बेचना चाहते हैं । इससे संबंधित विज्ञापन लगभग **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए । **5**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE